# हकेंवि में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव स्पंदन-2024 आज से

- दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम की होगी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन-2024 का आयोजन 29 फरवरी से आरंभ होगा। जिसकी शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार करेंगे, जबकि समापन सत्र में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्यातिथि के रूप कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के पहले दिन ओमबड्सपर्सन हकेंवि डॉ. उषा अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कला संस्कृति का मेल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से देखने को मिलेगा। विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि विवि के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन 2024 में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, मेहंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

- **राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे शामिल।**

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**





**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-2024' का आयोजन 29 फरवरी से होने जा रहा है। आयोजन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के द्वारा की जाएगी जबकि समापन सत्र में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के पहले दिन ओमबड्सपर्सन, हकेवि डॉ. ऊषा अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कला संस्कृति का मेल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन 2024 में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रो. शर्मा ने बताया कि आयोजन में श्री रामकेश जीवनपुरिया व श्री हरिओम कौशिक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. आरती यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेमआदि शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# ‘भारतीय तकनीक के विकास से ही विकसित होगा भारत’

## भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश और सीएसआइआर के प्रो. अमित्व सेन गुप्ता ने दिया व्याख्यान

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दो विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन
- वंडर आफ इनोवेशन थीम के अंतर्गत 220 छात्रों ने कराया पंजीकरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में डा. सीवी रमन की याद में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बुधवार को दो विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया गया। विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक और सीएसआइआर नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली के प्रो. अमित्व सेन गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत आज का दिन नोबल पुरस्कार पाने वाले महान वैज्ञानिक डा. सीवी रमन के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाता है। कुलपति ने विकसित भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान-विज्ञान के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि अब केवल जागरुकता भर से बात नहीं बनेगी। अब समय है विज्ञान के उपयोग और उसे तकनीक में परिवर्तित करने का।

आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक ने सतत विकास में न्यूक्लियर साइंस और तकनीक के स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं को चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अनुसंधान की ओर बढ़ाने विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। प्रो. कौशिक ने राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और परमाणु कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाई जा रही विभिन्न तकनीकों पर चर्चा की। दूसरे विशेषज्ञ वक्ता प्रो. अमित्व सेन गुप्ता ने ‘एक्सप्लोरिंग अंटार्कटिका ए जर्नी टू द व्हाइट कोंटिनेंट’ विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने अंटार्कटिका की विशेषताओं और इतिहास पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने अंटार्कटिका के पहले भारतीय वैज्ञानिक अभियान दल के सदस्य के रूप में दौरा किया था। उन्होंने बताया कि उसके बाद जाने वाले एक अभियान दल का उन्होंने नेतृत्व भी किया था। प्रो. गुप्ता ने महाद्वीप में पेंगुइन और अंटार्कटिक क्रिल्स सहित जीवित प्राणियों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंटार्कटिका का अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मौसम विज्ञान, भूविज्ञान, हिमनद विज्ञान, वायु विज्ञान, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी, मानव और समुद्री जीव विज्ञान आदि सहित विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संयोजक प्रो. एके यादव ने स्वागत करते हुए बताया कि इस आयोजन में वंडर आफ इनोवेशन के अंतर्गत 220 पंजीकरण, क्विज प्रतियोगिता के लिए 100, भाषण प्रतियोगिता के लिए 150 और पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए 80 पंजीकरण हुए। उन्होंने बताया कि आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्पीच, पोस्टर, पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिताओं सहित वंडर आफ इनोवेशन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 94 विजेताओं को पुरस्कृत किया।



चेतन प्रकाश कौशिक का स्वागत करते कुलपति • जागरण

## हकेंवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन पंजीकरण शुरु

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूइटी पीजी) के अंतर्गत आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 27 फरवरी से शुरु हो गई है। विश्वविद्यालय में स्नातक कार्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए आगामी 26 मार्च तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास व रोजगार सृजन की दिशा में प्रयासरत हैं।

यूजीसी द्वारा एनटीए के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 26 मार्च तक चलेगी।

## हकेंवि का वार्षिकोत्सव आज से

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन-2024 का आयोजन 29 फरवरी से होने जा रहा है। आयोजन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के द्वारा की जाएगी जबकि समापन सत्र में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के पहले दिन ओमबड्स पर्सन हकेंवि डा. ऊषा अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि कला संस्कृति का मेल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देखने को मिलेगा।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन 2024 में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रो. शर्मा ने बताया कि आयोजन में रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। डा. आरती यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हकेंवि सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम आदि शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन



स्मृति चिह्न भेंट करते हुए • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रो. वीके सिंह ने वाणिज्य और प्रबंधन विमर्श के अनुसंधान में मान्यता और विवेक पर एक व्याख्यान दिया।

विशेषज्ञ वक्ता प्रो. वीके सिंह ने अनुसंधान निष्कर्षों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कठोर पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया। विवेक के मुद्दे पर चर्चा की व उन पक्षों पर प्रकाश डाला जो परिणामों को विकृत कर सकते हैं,विश्लेषण में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव 29 से, अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-2024' का आयोजन 29 फरवरी से होने जा रहा है। आयोजन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के द्वारा की जाएगी। जबकि समापन सत्र में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के पहले दिन ओमबड्सपर्सन, हकेंवि डॉ. ऊषा अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कला संस्कृति का मेल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन 2024 में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रो. शर्मा ने बताया कि आयोजन में राम्केश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. आरती यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरु ग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम आदि शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन विश्वविद्यालय में विशेष योगदान हेतु शिक्षकों, शैक्षणेत्तर व आउटसोर्स कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। डॉ. रेनू यादव, डॉ. मुलाका मारुति व डॉ. नीरज कर्ण सिंह विभिन्न कार्यक्रमों का संयोजन कर रहे हैं।

# हकेवि के योग विभाग के तीन विद्यार्थियों को मिला रोजगार

महेंद्रगढ़, 27 फरवरी (ब्यूरो):हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग के तीन विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी संगठनों में रोजगार का अवसर मिला है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों एवं विभाग को बधाई देते हुए कहा कि योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षण और प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए, ताकि समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर विश्वविद्यालय खरा उतर सके। योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजयपाल ने बताया कि गत वर्ष एमएससी योग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तीन विद्यार्थियों को का चयन पंजाब और हरियाणा के विभिन्न सरकारी संगठनों में हुआ है। जिनमें दो विद्यार्थी प्रिया शर्मा और नितिन का पंजाब सरकार द्वारा की संचालित सीएम दि योगशाला में योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुए हैं और एक विद्यार्थी प्रदीप कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय, महेन्द्रगढ़ योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग ने विद्यार्थियों के चयन और उच्च अध्ययन के लिए एक प्रकोष्ठ का गठन किया है, जो विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन की देखरेख में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। जिसका परिणाम है कि विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध के लिए भी चयनित हो रहे हैं और देश व विदेश में भी रोजगार प्राप्त करने में सफल हो रहे हैं।

नवोदय टाइम्स
Wed, 28 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74644

# योग विभाग के तीन छात्रों को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग के तीन विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी संगठनों में रोजगार का अवसर मिला है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों एवं विभाग को बधाई देते हुए कहा कि योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षण और प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए, ताकि समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर विश्वविद्यालय खरा उतर सके। योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजयपाल ने बताया कि गत वर्ष



नितिन। प्रदीप। प्रिया शर्मा।

एमएससी योग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तीन विद्यार्थियों का चयन पंजाब और हरियाणा के विभिन्न सरकारी संगठनों में हुआ है। जिनमें दो विद्यार्थी प्रिया शर्मा और नितिन का पंजाब सरकार द्वारा की संचालित सीएम दि योगशाला में योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुए हैं और एक विद्यार्थी प्रदीप कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय, महेंद्रगढ़ योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग ने विद्यार्थियों के चयन और उच्च अध्ययन के लिए एक प्रकोष्ठ का गठन किया है।

# उत्तर भारत के पहले करोड़पति मयंक को सीएम मनोहर ने किया सम्मानित




महेंद्रगढ़। छात्र मयंक को बधाई देते मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सोनी टीवी के कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए करोड़पति बनने वाले आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी मयंक की प्रदेश के सीएम मनोहरलाल खट्टर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य पशुधन प्रदर्शनी के दौरान पीठ थपथपाई और भविष्य में इसी प्रकार से कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ने की शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। सीएम मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के विद्यार्थी भी देश-प्रदेश में अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ रहे हैं जो इस क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का शुभ संकेत है। सीएम ने मयंक को सम्मानित करते हुए उसके व परिवार के सदस्यों के साथ-साथ उसके विद्यालय प्रबंधन और गुरुजनों के प्रयासों को भी सराहा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री

- आरपीएस बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को तरासने का उचित मंच : सीईओ मनीष राव

रामबिलास शर्मा, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भी छात्र मयंक को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनके विद्यालय का छात्र मयंक सोनी टीवी के कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए उत्तर भारत का पहला करोड़पति बनकर अपने माता-पिता, विद्यालय, अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्रदेश के सीएम ने छात्र को सम्मानित किया है जो हम सबके लिए लिए ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि विद्यालय के छात्र मयंक ने सोनी टीवी पर अमिताभ बच्चन के प्रश्नों के सटीक उत्तर देते हुए करोड़पति का खिताब अपने नाम

# हकेंवि के तीन विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग के तीन विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी संगठनों में रोजगार का अवसर मिला है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों एवं विभाग को बधाई देते हुए कहा कि योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षण और प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए, ताकि समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर विश्वविद्यालय खरा उतर सके। विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. अजयपाल ने बताया कि गत वर्ष एमएससी योग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तीन विद्यार्थियों का चयन पंजाब और हरियाणा के विभिन्न सरकारी संगठनों में हुआ है। जिनमें दो विद्यार्थी प्रिया शर्मा और नितिन का पंजाब सरकार द्वारा की संचालित सीएम दि योगशाला में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है और एक विद्यार्थी प्रदीप कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय, महेंद्रगढ़ योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग ने विद्यार्थियों के चयन और उच्च अध्ययन के लिए एक प्रकोष्ठ का गठन किया है, जो विभाग के सहायक आचार्य डा. नवीन की देखरेख में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध के लिए भी चयनित हो रहे हैं।

# 'युवाओं को नवाचार से जोड़ती है विज्ञान प्रदर्शनी'

- 28 फरवरी को होगा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन
- स्कूली व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत कीं अपनी उपलब्धियां



विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति व विशिष्ट अतिथि • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक थीम पर आधारित इस विज्ञान प्रदर्शनी में हकेंवि के विभिन्न विभागों तथा स्थानीय स्कूलों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग माडल, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ना, उनकी प्रतिभा की पहचान करना और नवाचार के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त तथा जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के आयोजन साल भर जारी रहते हैं और हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी केवल अध्ययन कर डिग्री पाने तक ही समिति ना रहे, बल्कि वह पढ़ाई के दौरान नवाचार, व्यावहारिक ज्ञान व कौशल विकास के मोर्चे पर भी शिक्षित-प्रशिक्षित हों। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर तथा इंटरप्रन्योर सेल के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। आयोजन में उपस्थित मुख्य अतिथि सुनील दत्त ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों की उपलब्धियों के प्रदर्शन के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर जारी विभिन्न प्रयासों को जानने का अवसर प्रदान करता है। अवश्य ही इसके माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में भारतीय तकनीकी के योगदान के उद्देश्य की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन समिति के संयोजक प्रो. एके यादव व प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य पांडाल स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी और मिनी आडिटोरियम में किया गया। आयोजन के क्रम में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा तथा विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की अपनी उपलब्धियां

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक' थीम पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों व स्थानीय स्कूलों ने प्रदर्शनी लगाई। नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को पहचान करना और नवाचार के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त तथा जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर तथा इंटरप्रन्योर सेल के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। सुनील दत्त ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों की उपलब्धियों के प्रदर्शन के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर जारी विभिन्न प्रयासों को जानने का अवसर प्रदान करता है।

# हकेंवि के तीन विद्यार्थियों को मिला सरकारी रोजगार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के योग विभाग के तीन विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी संगठनों में रोजगार का अवसर मिला है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों एवं विभाग को बधाई देते हुए कहा कि योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षण और प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजयपाल ने बताया कि गत वर्ष एमएससी योग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तीन विद्यार्थियों को का चयन पंजाब और हरियाणा के विभिन्न सरकारी संगठनों में हुआ है। जिनमें दो विद्यार्थी प्रिया शर्मा और नितिन का पंजाब सरकार की संचालित सीएम दि योगशाला में योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुए हैं और एक विद्यार्थी प्रदीप कुमार जनवि महेंद्रगढ़ योग प्रशिक्षक के रूप में चयनित हुआ है। संवाद

# 'युवाओं को विज्ञान व नवाचार से जोड़ती है विज्ञान प्रदर्शनी'

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक थीम पर आधारित इस विज्ञान प्रदर्शनी में 27 फरवरी को हकेंवि के विभिन्न विभागों व स्थानीय स्कूलों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी लगाई गई।

नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ना उनकी प्रतिभा को पहचान करना और नवाचार के लिए प्रेरित करना है।

महेंद्रगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त व जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के आयोजन सालभर जारी रहते हैं और हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी केवल अध्ययन कर डिग्री पाने तक ही समिति ना रहे बल्कि वह पढ़ाई के दौरान नवाचार, व्यावहारिक ज्ञान व कौशल विकास के मोर्चे पर भी शिक्षित-प्रशिक्षित हो।

## हकेंवि में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की अपनी उपलब्धियां

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इस उद्‌देश्य की पूर्ति के लिए इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर व इंटरप्रन्योर सेल के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। आयोजन में उपस्थित मुख्य अतिथि सुनील दत्त ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों की उपलब्धियों के प्रदर्शन के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर जारी विभिन्न प्रयासों को जानने का अवसर प्रदान करता है। यह अपने आप में अनोखा प्रयास है और अवश्य ही इसके माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में भारतीय तकनीक के योगदान के उद्‌देश्य की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

# प्रिंटर दिवस पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 26 फरवरी (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में प्रिंटर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को उनके अध्ययन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराते हैं। इस आयोजन मे संदर्भ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो.फूल सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों का अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है।

प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के शिक्षक प्रभारी श्री संदीप बूरा ने आयोजन के आरंभ में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् सुश्री सुमन कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित औद्योगिक विशेषज्ञ, डिलाइट प्रिंट एंड पैक, नीमराना के सीईओ श्री संदीप यादव का परिचय कराया। विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के समक्ष पेपर एवं पेपर बोर्ड के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञ ने प्रिंटिंग और पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रही प्रगति से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी दी।

आयोजन के द्वितीय सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रिंटिंग क्षेत्र में हो रहे नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी किए। धन्यवाद ज्ञापन विभाग में सहायक आचार्य श्री अनिल ने दिया और उन्होंने प्रिंटर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक आचार्य श्री शम्मी, श्री तरुण सिंह व अन्य संकाय सदस्यों के योगदान का भी उल्लेख किया।

नवोदय टाइम्स Tue, 27 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74640

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ व्याख्यान कल होगा

महेंद्रगढ़, 26 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का थीम 'विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक' है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर विश्वविद्यालय में 27 फरवरी को हकेवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार हैं और आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक मुख्य अतिथि और सीएसआईआर नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली के प्रो. अमित्व सेन गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 27 व 28 फरवरी को होने वाले आयोजन विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी और विकसित भारत विषय पर केंद्रित रहेंगे।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन समिति के संयोजक प्रो. ए.के. यादव व प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि मंगलवार से शुरू हो रही आयोजन की श्रृंखला का उद्घाटन विज्ञान प्रदर्शनी से होगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 1 के सामने विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से हकेवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूल व महाविद्यालय अपने उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में 27 फरवरी को आइडिया फॉर इनोवेशन पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुनील दत्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ आयोजन सम्पन्न होगा। आयोजन के संयोजक प्रो. ए.के. यादव व प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि 27 व 28 फरवरी के संदर्भ में जारी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं और इस कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग व उससे जुड़े शिक्षक व शोधार्थी उल्लेखनीय रूप से निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सफल आयोजन के लिए प्रयासरत हैं।

नवोदय टाइम्स Tue, 27 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74640227

# हकेंवि में विज्ञान प्रदर्शनी आज से

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को विशेष कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का थीम विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर विश्वविद्यालय में 27 फरवरी को हकेंवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार हैं।

# प्रदेश के खिलाड़ियों ने दूध की ताकत के दम पर दुनिया में मचायी धूम : बिप्लब कुमार देब

## भाजपा प्रभारी ने पशुधन प्रदर्शनी-2024 के पुरस्कार एवं समापन समारोह को किया संबोधित

महेंद्रगढ़, 26 फरवरी(हप्र)

हरियाणा भाजपा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मानव सृष्टि के समय से जो पशु प्रेम लोगों में होता था, वही पशु प्रेम आज भी हरियाणा के लोगों के दिलों में है। हरियाणा के पशुओं की दूध की ताकत के दम पर ही राज्य के खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया में धूम मचाई है।

बिप्लब कुमार देब आज जिला महेंद्रगढ़ के गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी-2024 के पुरस्कार एवं समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने पशुधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने की। इसके अलावा उन्होंने पशु पालकों को लाखों का इनाम देकर सम्मानित किया।



केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को पशुधन प्रदर्शनी में विजेता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि बिप्लब कुमार देब। -हप्र

पशुपालन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन में पहली बार पशुओं को रैंप पर चलते देखा है। हरियाणा भाजपा प्रभारी ने कहा कि आजादी के बाद से किसानों के बारे में कोरी बातें होती थीं। 2014 के बाद देश व प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की तकदीर बदली है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि जल्द ही हरियाणा सरकार किसानों को फसल विविधीकरण योजना के तहत 4 हजार रुपए के खजूर के पौधे 200 रुपए में देगी। एक खजूर का पौधा 70 वर्ष तक फल देता है इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा, हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा. टंकेश्वर कुमार, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डा. एलसी रंगा, एमडी वीरेंद्र लोरा, मत्स्य विभाग के महानिदेशक श्रीपाल राठी, मेले के नोडल अधिकारी डा. सुखदेव राठी, भिवानी जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक व भाजपा जिला प्रधान दयाराम यादव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 27 February 2024
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/74640277

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आज से

**महेंद्रगढ़ (हप्र) :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का थीम 'विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक' है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर विश्वविद्यालय में 27 फरवरी को हकेवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार हैं और आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक मुख्य अतिथि और सीएसआईआर नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नयी दिल्ली के प्रो. अमित्व सेन गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 27 February 2024
https://epaper.dainiktribun

# हकेंवि में प्रतिभागियों को दी जानकारी



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों को संबोधित करते विशेषज्ञ • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रिंटर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को उनके अध्ययन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराते हैं।

- **हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रिंटर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**
- **विद्यार्थियों के समक्ष पेपर एवं पेपर बोर्ड के विषय पर विस्तार से जानकारी दी**

इस आयोजन मे संदर्भ में स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। शिक्षक प्रभारी संदीप बूरा ने आयोजन के आरंभ में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सुमन कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित औद्योगिक विशेषज्ञ, डिलाइट प्रिंट एंड पैक, नीमराना के सीईओ संदीप यादव का परिचय कराया। विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के समक्ष पेपर एवं पेपर बोर्ड के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञ ने प्रिंटिंग और पैकेजिंग के क्षेत्र में हो रही प्रगति से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी दी।

आयोजन के द्वितीय सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रिंटिंग क्षेत्र में हो रहे नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. फूल सिंह ने प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी किए।

## विश्वविद्यालय में लगाई जाएगी विज्ञान प्रदर्शनी

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की थीम विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर 27 फरवरी को हकेंवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी।

नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग माडल, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 फरवरी को विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक मुख्य अतिथि और सीएसआइआर नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली के प्रो. अमित्व सेन गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 27 व 28 फरवरी को होने वाले आयोजन विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी और विकसित भारत विषय पर केंद्रित रहेंगे।

# हकेंवि में भारतीय तकनीक पर विज्ञान प्रदर्शनी आज से

## 27 व 28 फरवरी को होगा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 व 28 फरवरी को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का थीम विकसित भारत के लिए भारतीय तकनीक है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर विश्वविद्यालय में 27 फरवरी को हकेंवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। नवाचार के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार होंगे। आयोजन में मुख्यातिथि भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के प्रो. चेतन प्रकाश कौशिक तथा विशिष्ट अतिथि सीएसआईआर नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली के प्रो. अमित्व सैन गुप्ता उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 27 व 28 फरवरी को होने वाले आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी और विकसित भारत विषय पर केंद्रित रहेंगे। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन समिति के संयोजक प्रो. एके यादव व प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि मंगलवार से शुरू हो रही आयोजन की श्रृंखला का उद्घाटन विज्ञान प्रदर्शनी से होगा।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। संवाद

मौके पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 1 के सामने विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से हकेंवि के विभिन्न विभाग व स्थानीय स्कूल व महाविद्यालय अपने उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में 27 फरवरी को आइडिया फॉर इनोवेशन पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ आयोजन सम्पन्न होगा। आयोजन के संयोजक प्रो. एके यादव व प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि 27 व 28 फरवरी के संदर्भ में जारी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं।



Members of the research team that developed crab apple-based jelly sheets with CUH VC Tankeshwar Kumar.

# CUH gets patent for crab apple jelly sheets

MAHENDRAGARH, FEBRUARY 22

The Controller of Patents, Government of India, awarded a patent for crabapple-based jelly sheets developed by the faculty members and researchers of the Central University of Haryana (CUH) here.

Vice-Chancellor Tankeshwar Kumar said faculty members- Dr Anita Kumari, Harish Kumar, Dr Ashwani Kumar, Deepika, Adarsh Shukla — and the entire team had put great efforts to develop a healthy and nutritious food product.

"Our team has made jelly sheets using crab apples. The developed product has more nutritional value compared to commercially available jelly sheets. The product has no preservatives, added colours or flavours. Crab apple is a neglected and underutilised crop that is a potential source of vitamins, minerals, and bioactive compound(s) — especially pectin that has a cholesterol lowering property," Dr Kumari said.

She said attempts were made to utilise the fruit in a more functional and convenient manner in the form of jelly sheets. The jelly sheets can improve the nutrition and livelihood security of the vulnerable section of the society worldwide, she added. —TNS

# हकेंवि को क्रेब एप्पल बेस जेली शीट पर मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं ने क्रेब एप्पल पर आधारित जेली शीट विकसित की है। इस शोध के लिए विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पेटेंट नियंत्रक द्वारा पेटेंट से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनिता कुमारी और उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार कृत्रिम मिठास, एडेड फ्लेवर, परिरक्षकों की बढ़ती खपत के परिणामस्वरूप उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में मददगार साबित होगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य समाज को कम उपयोग वाली फसलों (एनयूसी) के पोषण संबंधी पहलुओं और स्वास्थ्य लाभों के प्रति आमजन को जागरूक करना है। सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान व पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने शोध के लिए टीम को बधाई दी।

# चुनौतियों से न घबराएं : डीपी वत्स

**महेंद्रगढ़ (हप्र) :** हकेवि महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद डीपी वत्स उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 23 February 2024
https://epaper.dainiktribu

# मिग-21 व रिकाइललेस लांचर का अनावरण

## संकल्प दिवस



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रिकाइललेस लांचर का अनावरण करते हुए • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में संकल्प दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल डा. डीपी वत्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मिग-21 व रिकाइललेस लांचर का अनावरण भी किया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रास, नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) व शिक्षा पीठ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल वत्स ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी केडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश के काम आ सकता है। उन्होंने काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी स्तर पर अतिवाद से बचना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। महेंद्रगढ़ एक ऐसी जगह है जहां सेना में अपना जीवन लगाने वाले वीर सपूत हर घर में पाएं जाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डा. वत्स उपस्थित है। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों में देशप्रेम के भाव को और अधिक बल मिलेगा।

विश्वविद्यालय में भारतीय संसद में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ 22 फरवरी 1994 में पारित प्रस्ताव का स्मरण करते हुए आयोजित संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया।

# हकेंवि को क्रेब एप्पल आधारित जेली शीट पर मिला पेटेंट



अनसंधान टीम के सदस्य विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ● जागरण

**संस, महेंद्रगढ़**: हकेंवि के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं ने क्रेब एप्पल पर आधारित जेली शीट विकसित की है। इस उल्लेखनीय शोध के लिए विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पेटेंट नियंत्रक द्वारा पेटेंट से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह नवाचार कृत्रिम मिठास, एडेड फ्लेवर, परिरक्षकों की बढ़ती खपत के परिणामस्वरूप उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में मददगार साबित होगा। विश्वविद्यालय की रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान व पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने शोध के लिए टीम को बधाई दी। पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डा. अनिता कुमारी ने बताया कि उनकी टीम में रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. हरीश कुमार, पोषण जीव विज्ञान विभाग की दीपिका और आदर्श कुमार शुक्ला की टीम ने एक स्वस्थ और पौष्टिक खाद्य उत्पाद विकसित करने के लिए अपने प्रयास किए हैं।

# हकेंवि में संकल्प दिवस पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण

## चुनौतियों को अवसरों में बदलना सीखें युवा : सांसद डीपी वत्स

**महेंद्रगढ़|** हकेंवि महेंद्रगढ़ में संकल्प दिवस के अवसर पर मिग-21 व रिकॉइललेस लॉन्चर का अनावरण किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जर्नल डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित रहे।



उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तनाव से बचकर ही एक युवा जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और समाज व देश काम आ सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में काम, क्रोध, मद, लोभ से इतर चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज, देश की रक्षा में सैनिकों का योगदान और उनकी कुर्बानी सदैव स्मरणीय है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच समाज व देश के लिए जीवन भर कार्य करते आ रहे डॉ. डी.पी. वत्स उपस्थित हैं। इस मौके पर वीसी ने मिग-21 व 106 एमएम रिकॉइललेस लॉन्चर के अनावरण का उल्लेख किया। संचालन शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल ने किया। विवि में अनुभाग अधिकारी राजेश जांगड़ा अपनी कविता के माध्यम से सैनिक के मन के भावों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# हकेवि को क्रेब एप्पल आधारित जेली शीट पर मिला पेटेंट

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के संकाय सदस्यों और शोधकताओं ने क्रेब एप्पल पर आधारित जेली शीट विकसित की है। इस उल्लेखनीय शोध के लिए विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पेटेंट नियंत्रक द्वारा पेटेंट से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनिता कुमारी और उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार कृत्रिम मिठास, एडेड फ्लेवर, परिरक्षकों की बढ़ती खपत के परिणामस्वरूप उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में मददगार साबित होगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य समाज को कम उपयोग वाली फसलों (एनयूसी) के पोषण संबंधी पहलुओं और स्वास्थ्य लाभों के प्रति आमजन को जागरूक करना है। विश्वविद्यालय की रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान व पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने शोध के लिए टीम को बधाई दी। विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनिता कुमारी ने बताया कि उनकी टीम में रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. हरीश कुमार; पोषण जीवविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अश्वनी कुमार; पोषण जीव विज्ञान विभाग की सुश्री दीपिका और श्री आदर्श कुमार शुक्ला की टीम ने एक स्वस्थ और पौष्टिक खाद्य उत्पाद विकसित करने के लिए अपने प्रयास किए हैं। डॉ. अनिता कुमारी ने बताया कि उनकी टीम ने क्रेब एप्पल का उपयोग करके जेली शीट बनाई है। विकसित उत्पाद में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध जेली की तुलना में उनके द्वारा निर्मित जेली अधिक पोष्टिक व स्वादिष्ट हैं। इसमें किसी प्रकार के प्रिजरवेटिव का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि क्रेब एप्पल कम उपयोग वाली फसल है, जिसमें विटामिन, खनिज और बायोएक्टिव यौगिक (विशेष रूप से पेक्टिन) भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। हमारी टीम द्वारा इस फल को जेली शीट के रूप में अधिक कार्यात्मक और सुविधाजनक उत्पाद में उपयोग करने का प्रयास किया गया।

## हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 21 फरवरी (ब्यूरो):हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग में 'हिंदी की व्यावसायिकता और रोजगार' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति और मुख्य संरक्षक प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा के संचार में मदद मिलेगी। साथ ही संरक्षक प्रो. सुषमा यादव ने हिंदी में नए रोजगार की संभावनाएं व्यक्त की।

आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के सहायक आचार्य डॉ. संदीप कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान द्वारा खड़ी बोली को राजभाषा स्वीकार किए जाने के साथ हिंदी का परंपरागत स्वरूप और अध्ययन व्यावहारिक हो गया है।हर जीवित भाषा में वैज्ञानिक, तकनीकी और उद्यमिता की संभावनाएं होती हैं, उसकी प्रयोजनीयता की भी संभावनाएं होती हैं। यह संभावनाएं हिंदी में भी हैं। कार्यक्रम के अंत में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. रीना स्वामी, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Thu, 22 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74609(

## हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी की व्यावसायिकता और रोजगार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति और मुख्य संरक्षक प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा के संचार में मदद मिलेगी। संरक्षक प्रो. सुषमा यादव ने हिंदी में नए रोजगार की संभावनाएं व्यक्त की।

## हकेंवि में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हकेंवि के केंद्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार गुरुग्राम के सहयोग से पं. श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार, शांति कुञ्ज हरिद्वार) द्वारा रचित पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

# हकेंवि में हिंदी की व्यावसायिकता और रोजगार विषय पर व्याख्यान



व्याख्यान देते डा. संदीप कुमार वर्मा ● जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में हिंदी की व्यावसायिकता और रोजगार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा के संचार में मदद मिलेगी। साथ ही संरक्षक प्रो. सुषमा यादव ने हिंदी में नए रोजगार की संभावनाएं व्यक्त की। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के सहायक आचार्य डा. संदीप कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान द्वारा खड़ी बोली को राजभाषा स्वीकार किए जाने के साथ हिंदी का परंपरागत स्वरूप और अध्ययन व्यावहारिक हो गया है। हर जीवित भाषा में वैज्ञानिक, तकनीकी और उद्यमिता की संभावनाएं होती हैं, उसकी प्रयोजनीयता की भी संभावनाएं होती हैं। यह संभावनाएं हिंदी में भी हैं। हिंदी में आज कई तरह से रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। कार्यकारी हिंदी, हिंदी भाषा का व्यावहारिक ररूप है जिसका संबंध विभिन्न संस्थाओं के दैनिक कामकाज से है। यह हिंदी का क्रियात्मक रूप है जो हिंदी को वार्तालाप, संप्रेषण एवं साहित्य लिखने आदि की परंपरागत सोच को दूर करता है।

भारत सरकार की आधिकारिक भाषा और संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में, हिंदी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस मौके पर डा. रीना स्वामी, डा. सिद्धार्थ शंकर राय, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# हकेंवि कुलपति ने जारी की कार्यशाला की विवरणिका

**संस, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का वाणिज्य विभाग आगामी 18 से 28 मार्च तक भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम पर अधारित कार्यशाला हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को कार्यशाला की स्मारिका जारी की।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भारत में गुणवत्तापूर्ण शोध की आवश्यकता है और इस तरह के आयोजन पीएचडी व पोस्ट-डाक्टोरल शोधार्थियों में अनुसंधान संबंधी क्षमताओं को विकसित करने में मददगार साबित होते हैं। कार्यशाला के निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने कहा कि यह कार्यशाला सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी अवसर है। कार्यशाला की पाठ्यक्रम निदेशक डा. सुशीला कुमारी सोरिया ने कहा कि दस दिवसीय कार्यशाला में आने वाले विशेषज्ञ प्रतिभागी शोधार्थियों को करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन करेंगे।

इस कार्यशाला विवरणिका के विमोचन के दौरान वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद मीना, सह-पाठ्यक्रम निदेशक डा. सुमन और पाठ्यक्रम सचिव डा. भूषण सिंह भी उपस्थित थे।

# 'हिंदी में आज कई तरह से रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं' : प्रो. टंकेश्वर कुमार



**महेंद्रगढ़** | हकेंवि महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग में 'हिंदी की व्यावसायिकता और रोजगार' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति और मुख्य संरक्षक प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा के संचार में मदद मिलेगी। आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के सहायक आचार्य डॉ. संदीप कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान द्वारा खड़ी बोली को राजभाषा स्वीकार किए जाने के साथ हिंदी का परंपरागत स्वरूप और अध्ययन व्यावहारिक हो गया है। हर जीवित भाषा में वैज्ञानिक, तकनीकी और उद्यमिता की संभावनाएं होती हैं, उसकी प्रयोजनीयता की भी संभावनाएं होती हैं। यह संभावनाएं हिंदी में भी हैं। हिंदी में आज कई तरह से रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने कहा कि जब भी भाषा का विस्तार और विकास होता है, तब उसमें एक दृष्टि और जुड़ जाती है और वह है रोजगार की संभावना।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रियंका तथा मुख्य वक्ता का परिचय शोधार्थी दिनेश ने दिया। इस मौके पर संयोजक डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# सीयूईटी पीजी 2024 के लिए रिकॉर्ड 462725 पंजीकरण

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिले की सीयूईटी पीजी 2024 के लिए रिकॉर्ड 462725 पंजीकरण हुए हैं। इसमें से 462587 यूनिक नंबर हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 11 मार्च से शुरू होने वाली कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा सीयूईटी पीजी 2024 के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। एनटीए इसी सप्ताह सीयूईटी पीजी की परीक्षा का कार्यक्रम जारी करेगा। देशभर के 179 विश्वविद्यालयों ने सीयूईटी पीजी 2024 की मेरिट से सीट देने की घोषणा की है।

**11 मार्च से शुरु होने वाली कंप्यूटर आधारित परीक्षा की तैयारी पूरी**

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि सीयूईटी पीजी 2024 की परीक्षा 11 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेगी। परीक्षा तीन पालियों में होगी। परीक्षा में सामान्य वर्ग में 22 विषय, भाषा में 41, विज्ञान में 30, मानविकी में 26, एमटेक/हायर साइंसेज में 12, आचार्य में 26 पेपर हैं।

## डीयू, जामिया, बीएचयू समेत 179 विवि देंगे दाखिला

सीयूईटी पीजी 2024 की मेरिट से कुल 179 विश्वविद्यालयों ने पीजी प्रोग्राम में सीट देने की घोषणा की है। इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्ग में 51 तो स्टेट विश्वविद्यालय में 41, डीम्ड-टु-बी यूनिवर्सिटी में 13 और 74 प्राइवेट यूनिवर्सिटी शामिल है। दिल्ली विश्वविद्यालय,बीएचयू, जामिया मिलिया इस्लामिया, जेएनयू, अरुण जेटली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, बाबा गुलाम शाह बादशाह श्रीगनर, क्लस्टर यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, क्लस्टर यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीनगर दिल्ली टीचर यूनिवर्सिटी,आईपीयू, नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी, श्रीलाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी समेत अन्य सीयूईटी पीजी 2024 की मेरिट से दाखिला देंगे।

# पीएम ने किया हरियाणा केंद्रीय विवि की चार परियोजनाओं का लोकार्पण



**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में संसाधनों के विकास के स्तर पर जारी प्रयासों के अंतर्गत मंगलवार 20 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। देश की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकास की इन परियोजनाओं के माध्यम से विकसित भारत बनने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की धरती पर इतने बड़े आयोजन के लिए वहां के लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलेगा। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सांसद जुगल किशोर, गुलाम अली खटाना भी उपस्थित रहे। वही प्रधानमंत्री ने विव की चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिनमें विश्वविद्यालय के अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाईप 3 व टाईप 5 कर्मचारी आवास परिसर सम्मिलित है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यातिथि का पुष्प- गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और इस आयोजन में शामिल होने के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य व आधारभूत संरचना सहित सभी मोर्चों पर जिस तरह से प्रगति कर रहा है। उससे भारत विकसित देश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद धर्मबीर सिंह का आभार प्रकट किया और विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्वविद्यालय की 32.19 करोड़ रुपए लागत की चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के निर्माण में 3.87 करोड़, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में 2.73 करोड़ टाईप 3 आवासीय परिसर के निर्माण में


ा, सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि., सहारनपुर

ालीन ई-निविदा सूचना

दिनांक : 14.02.2024

ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदायें http://
। से लो.नि.वि. में 'ए' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत पात्र
से एस.बी.डी. पर आईटम रेट आधारित नीचे दर्शाये गए
दाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे-कॉन्ट्रेक्ट डाटा,
टयां, बिल ऑफ क्वान्टिटी एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट
।

| ो त रु. ) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा की लागत (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य हेतु पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 14.00 | 2714.00 | 12 माह | "ए" श्रेणी मार्ग |

ं सभी करों को जोड़ते हुए तथा जी.एस.टी. करों को छोड़ते

। लाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात यू.टी.आर.

(1)/23-7-2020-176 (सा)/06 लो.नि. अनु.-7 दिनांक
प्लीकेशन के माध्यम से डाली जायेगी।
से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक **26.02.2024**
की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक
ली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय
थान पर खोली जायेगी।

ाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(सी.पी. सिंह)**
अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि. सहारनपुर



पंजाब केसरी
Wed, 21 February 2024
https://mpaper.punjabkesari.com/c/74602134

# पीएम मोदी ने वर्चुअल मोड में एमडीयू, हकेंवि को दी सौगात

## पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) स्कीम लॉन्च की

अमर उजाला ब्यूरो/ संवाद

**रोहतक/गोहाना (सोनीपत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) स्कीम लॉन्च की। इस योजना में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को भी शामिल किया गया है।

इसके तहत विश्वविद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण और विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपये का वित्तीय अनुदान मिलेगा। मंगलवार को एमडीयू में लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। एमडीयू के टैगोर सभागार में अतिथियों ने भाग लिया। वहीं पीएम-उषा योजना के तहत खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय को भी 20 करोड़ रुपये की सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सौगात भी वर्चुअली मोड में दी। इस दौरान भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने लाइव प्रसारण देखा।



एमडीयू में उच्चतर शिक्षा अभियान का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। स्रोत: एमडीयू


## हकेंवि में 32.19 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) को 32.19 करोड़ रुपये की लागत की चार परियोजनाओं की सौगात दी। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के निर्माण में 3.87 करोड़, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में 2.73 करोड़ रुपये, टाइप तीन आवासीय परिसर के निर्माण में 9.86 करोड़ रुपये और टाइप पांच के निर्माण में 15.73 करोड़ रुपये की लागत आई है।

# प्रधानमंत्री ने हकेंवि में 32.19 करोड़ की चार परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## विवि में आयोजित कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि पहुंचे

संवाद न्यूज एजेंसी



हकेंवि में लोकार्पण समारोह का प्रसारण देखते सांसद धर्मबीर सिंह, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, शिक्षक और विद्यार्थी। स्रोत : विश्वविद्यालय

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) को 32.19 करोड़ रुपये लागत की चार परियोजनाओं की सौगात दी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इन परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास की इन परियोजनाओं से विकसित भारत बनने का मार्ग प्रशस्त होता है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। सांसद ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य व आधारभूत संरचना सहित सभी मोर्चों पर जिस तरह से प्रगति कर रहा है। उससे भारत विकसित देश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. नीरज कर्ण सिंह रहे। इस अवसर पर कुल सचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद धर्मबीर सिंह का आभार प्रकट किया और विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के निर्माण में 3.87 करोड़, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में 2.73 करोड़ टाइप 3 आवासीय परिसर के निर्माण में 9.86 करोड़ तथा टाइप 5 के निर्माण में 15.73 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में पुस्तकालय एवं 1200 लोगों की क्षमता वाले सभागार बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कुलपति ने सांसद धर्मबीर सिंह का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. नीरज कर्ण सिंह रहे। इस मौके पर कुल सचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# पशु प्रदर्शनी में हरियाणवी नृत्य, रागिनी व मैजिक शो रहेगा आकर्षण का केंद्र

महेंद्रगढ़, 19 फरवरी (ब्यूरो): जैसे-जैसे तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी 24 फरवरी से शुरू होने वाली है वैसे-वैसे इसकी तैयारीयां भी जोर-शोर पर

## ■ तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी 24 को

चल रही हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ.चंद्रभान सोनी, उपनिदेशक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि यह पशुधन प्रदर्शनी केंद्रीय विवि. जांट-पाली में पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड द्वारा महेंद्रगढ़ जिले में पहली बार करवाई जा रही है।

इस पशु धन प्रदर्शनी में गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, घोड़े सहित उत्तम नस्ल के पशु भाग लेंगे तथा उनके मालिक लाखों रुपए के आकर्षक इनाम सरकार द्वारा प्राप्त कर सकते हैं। जिले के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डा. चंद्रभान सोनी ने बताया कि इस पशु मेले में आने जाने के लिए पशुपालकों व किसान भाइयों के लिए प्रत्येक गांव से पशु प्रदर्शनी तक निशुल्क बस सेवा का इंतजाम किया गया है जो इस पशुधन प्रदर्शनी को देखना चाहता है वह निशुल्क बस द्वारा यात्रा करके इस पशुधन प्रदर्शनी में पहुंच सकता है। इस बार प्रदर्शनी के लिए महिलाओं के लिए भी विशेष बसे चलाई जा रही है।



*हकेंवि में होने वाली पशुधन प्रदर्शन को लेकर लगाए जा रहे टैंट।*

उन्होंने आगे बताया कि इस पशु मेले में सभी के लिए निशुल्क भोजन तथा पानी की व्यवस्था भी की गई है। इस पशु प्रदर्शनी में प्रतिदिन लक्की ड्रा द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी आदि इनाम जीत सकेंगे। जिले के उपमंडल अधिकारी डॉ बलजीत सिंह ने बताया कि इस राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में सभी के मनोरंजन के लिए हरियाणवी नृत्य, रागिनी तथा जादू का शो आकर्षण का केंद्र रहेंगे तथा पशुओं की कैटवॉक सहित ऊंट- घोड़े के नृत्य व हैरतंगेज करतब देखने को मिलेंगे।

डा. अरुण कुमार जैन वरिष्ठ पशु चिकित्सा ने बताया कि इस महीने में 14 पशु पर जातियों की 50 कैटेगरी के उत्कृष्ट पशुओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित सांत्वाना पुरस्कार भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशुपालक एवं किसान भाई इस मेले में पशुपालन, कृषि, बागवानी व मछली पालन आदि से संबंधित आधुनिक तकनीकों, उत्पादों व यंत्रों की जानकारी ले सकते हैं जिसके लिए अलग से स्टाल व प्रदर्शनियां लगाई जाएगी हैं।

नवोदय टाइम्स Tue, 20 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74597375

# 32 करोड़ की चार परियोजनाओं का पीएम आज वर्चुअली करेंगे लोकार्पण

## हकेंवि में सुविधाओं का विस्तार...

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। 32 करोड़ रुपए की इन परियोजनाओं में 2.73 करोड़ से बने स्वास्थ्य केंद्र, 25 करोड़ से बने बहुमंजिला कर्मचारी आवास व 3.87 करोड़ से बने अतिथि गृह शामिल हैं। इनसे विवि के स्टाफ, विद्यार्थियों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे।

वुर्चअल उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे। इन परियोजनाओं में अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाइप-3 व टाइप-5 कर्मचारी आवासों के उद्घाटन का विशेष कार्यक्रम रहेगा। ये सभी परियोजनाओं सीपीडब्ल्यूडी के तहत बनी है।



केविवि परिसर में बना नया अतिथि गृह।

## सभी तैयारियां कर ली गई हैं : कुलपति

*विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का उद्घाटन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसकी सभी तैयारी कर ली गई है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय आधारभूत संरचना के मोर्चे पर प्रगति के साथ-साथ शिक्षा एवं शोध के मोर्चे पर भी देश के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अपनी अलग पहचान रखता है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की प्रगति का सूचक है और विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए गौरव का अवसर है।*
**-टंकेश्वर कुमार,** कुलपति, हकेंवि।

## जानिए... हकेंवि में किस पर कितना हुआ खर्च, क्या रहेंगी सुविधाएं

- **स्वास्थ्य केंद्र** : विवि परिसर में बने स्वास्थ्य केंद्र पर 2.73 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें 10 बेड की सुविधा होगी। यहां आपातकालीन मेडिकल सुविधा के साथ ओपीडी, आवश्यक टेस्ट की सुविधा रहेगी। इसके अतिरिक्त एक चिकित्सक की 24 घंटे के लिए ड्यूटी रहेगी। जिससे विवि के विद्यार्थियों, स्टाफ व विवि की तरफ से गाद लिए गंवाने के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।
- **कर्मचारी आवास** : विवि प्रशासन की तरफ से अपने स्टाफ के सदस्यों को विवि परिसर में ही बेहतर आवास सुविधा के लिए टाइप-3 व टाइप-5 के क्वार्टर के लिए बहुमंजिला भवन बनाया गया है। इनमें टाइप-3 व टाइप-5 के 24-24 क्वार्टर बनाए गए हैं। इन पर करीब साढ़े 25 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। विवि प्रशासन का मानना है कि इन क्वाटर से विवि स्टाफ को बेहतर आवास सुविधा मिलेगी।
- **अतिथि गृह** : विवि परिसर में बने अतिथि गृह पर सीपीडब्ल्यूडी के तहत करीब 3.83 करोड़ रुपए खर्च हुए है। इसमें अतिथि गृह में दाने वीआईपी कक्ष के अतिरिक्त 10 अन्य अतिथियों के कक्ष बनाए गए हैं। साथ ही एक मीटिंग हाल भी है। विवि परिसर में अतिथि गृह निर्माण का शोधार्थियों के अतिरिक्त अन्य विवि से आने वाले अतिथि लाभ ले सकेंगे।

# 8 बाई 8 की स्क्रीन पर दिखाया जाएगा कार्यक्रम

## पीएम आज करेंगे चार परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

### हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह भी होंगे शामिल

### अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, कर्मचारी आवासों का होगा उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) को आज चार परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाइप 3 व टाइप 5 कर्मचारी आवासों का उद्घाटन करेंगे। वह दिल्ली से ऑनलाइन समारोह में उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे। कार्यक्रम का यहां 8 बाई 8 की स्क्रीन पर प्रसारण दिखाया जाएगा। आयोजन को लेकर विवि में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



प्रो.टंकेश्वर कुमार।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की प्रगति का सूचक है और विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी के लिए गौरव का अवसर होगा। प्रो. डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद धर्मवीर सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मौजूद रहेंगे। हकेवि के शिक्षक, गैर शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहेंगे।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय । आकाईव

# मोदी कल करेंगे केंद्रीय विवि में परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन

महेंद्रगढ़, 18 फरवरी (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों के मोर्चे पर भी निरंतर प्रगति कर रहा है। विकास के इसी क्रम में आगामी 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का ऑनलाइन समारोह में उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे। इन परियोजनाओं में अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाईप 3 व टाईप 5 कर्मचारी आवासों के उद्घाटन का विशेष कार्यक्रम रहेगा। विश्वविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

दैनिक ट्रिब्यून

# मोदी कल करेंगे हकेंवि की परियोजनाओं का आनलाइन उद्घाटन

**संस, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों के मोर्चे पर भी निरंतर प्रगति कर रहा है। विकास के इसी क्रम में 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का आनलाइन समारोह में उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे। इन परियोजनाओं में अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाइप 3 व टाइप 5 कर्मचारी आवासों के उद्घाटन का विशेष कार्यक्रम रहेगा। विश्वविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष व गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री के कर-कमलों से विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का उद्घाटन होगा। हकेंवि आधारभूत संरचना के मोर्चे पर प्रगति के साथ-साथ शिक्षा एवं शोध के मोर्चे पर भी देश के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अपनी अलग पहचान रखता है।

# पीएम 20 को हकवि में करेंगे चार परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन

## विवि में कल विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों के मोर्चे पर भी निरंतर प्रगति कर रहा है। विकास के इसी क्रम में आगामी 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का ऑनलाइन समारोह में उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे।

इन परियोजनाओं में अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाइप 3 व टाइप 5 कर्मचारी आवासों के उद्घाटन का विशेष कार्यक्रम रहेगा। विश्वविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष व गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का उद्घाटन होगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय आधारभूत संरचना के मोर्चे पर प्रगति के साथ-साथ शिक्षा एवं शोध के मोर्चे पर भी देश के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम विश्वविद्यालय की प्रगति का सूचक है और विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी, एवं कर्मचारी के लिए गौरव का अवसर होगा।

# पीएम कल करेंगे हकेंवि की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। विकास के इसी क्रम में 20 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का ऑनलाइन समारोह में उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल होंगे।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान होंगे शामिल**



इन परियोजनाओं में अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाइप-3 व 5 कर्मचारी आवासों के उद्घाटन का विशेष कार्यक्रम रहेगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का उद्घाटन होगा। हकेंवि आधारभूत संरचना के मोर्चे पर प्रगति के साथ-साथ शिक्षा एवं शोध के मोर्चे पर भी देश के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रम विश्वविद्यालय की प्रगति का सूचक है। संवाद

# हकेंवि पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

महेंद्रगढ़, 17 फरवरी (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदक 6 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के 19 विभागों में कुल 113 पीएचडी सीटों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 6 मार्च तक चलेगी। जिसके पश्चात 16 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा के

# हकेंवि : पीएचडी में दाखिले के लिए 6 मार्च तक करें आवेदन

**महेंद्रगढ़** | हकेवि, महेंद्रगढ़ में शीतकालीन सत्र 2023-24 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 फरवरी, से शुरू हो गई है। 6 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के विभिन्न 19 विभागों में कुल 113 पीएचडी सीटों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 6 मार्च तक चलेगी। 16 मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा के नतीजे 17 मार्च को जारी होंगे तथा साक्षात्कार हेतु पहली सूची 18 मार्च को घोषित की जाएगी। इसके पश्चात इन कार्यक्रमों में कोर्स वर्क की शुरुआत 28 मार्च से प्रस्तावित है। दाखिले के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# हकेवि में पीएच.डी. कार्यक्रमों में दाखिले हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शीतकालीन सत्र 2023-24 के लिए उपलब्ध पीएच.डी. कार्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 फरवरी, 2024 से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदक आगामी 06 मार्च, 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दाखिला प्रक्रिया आरंभ होने पर कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के विभिन्न 19 विभागों में कुल 113 पीएच.डी. सीटों में दाखिले हेतु आवेदन प्रक्रिया आगामी 06 मार्च, 2024 तक चलेगी। जिसके पश्चात आगामी 16 मार्च, 2024 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा के नतीजे 17 मार्च, 2024 को जारी होंगे तथा साक्षात्कार हेतु पहली सूची 18 मार्च, 2024 को घोषित की जाएगी। इसके पश्चात इन कार्यक्रमों में कोर्स वर्क की शुरूआत 28 मार्च, 2024 से प्रस्तावित है। दाखिले के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट ६६६.४ँ.ल्ल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Narnaul - 17 Feb 2024 - Page 3

, 2024

## हकेंवि में दीर्घकालीन जीवन शैली के लिए अपशिष्ट प्रबंधन पर वेबिनार

# अपशिष्ट प्रबंधन में युवा करें सक्रिय भागीदारीः प्रो. टंकेश्वर

अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान सही तरीके से न होने के कारणभूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

वर्तमान समय में अपशिष्ट प्रबंधन बड़ी समस्याओं में से एक है। इस समस्या से न केवल महानगर पीड़ित हैं, अपितु बढ़ती जनसंख्या तथा अपशिष्ट प्रबंधन की सही जानकारी न होने के कारण यह समस्या हर शहर में देखी जा सकती है। अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान सही तरीके से न होने के कारण एक तरफ तो भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती जा रही हैं।

ऐसे में जरूरत है कि हमारे युवा आगे आकर अपशिष्ट प्रबंधन में अपनी सकारात्मक भागीदारी कर देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। ये विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में दीर्घकालीन जीवनशैली के लिए अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वेबिनार में एमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के पृथ्वी एवं पर्यावरण विभाग में सहआचार्य डॉ. पूजा सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रही। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन के सही तरीके से निपटान के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि विभाग विश्वविद्यालय कुलपति के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करवाता है। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पूजा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को वेस्ट को केवल वेस्ट नहीं समझना चाहिए। इसे उचित तकनीक के द्वारा बेस्ट में बदलने की तकनीकों की खोज करनी चाहिए। वेबिनार में प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, शालू सैनी, पिंकी व नसीब ने आयोजक समिति के सदस्यों के रूप में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की समंवयक डॉ. सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया।



महेंद्रगढ़। वेबिनार को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

## हकेंवि की शोधार्थी को मिला सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार



महेंद्रगढ़। गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की शोधार्थी दिव्या शर्मा को उनका शोध कार्य की प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। सामान्य शक्ति वाले एक भाग जियोपॉलिमर कंक्रीट के लिए डिजाइन मिश्रण पद्धति का विकास शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कालीकट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शोधार्थी दिव्या शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की शोधार्थी को कंक्रीट टेक्नोलॉजी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार मिलना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कुलपति ने स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह व सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों की भी उनके प्रयासों के लिए सराहना की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने भी सिविल इंजीनियरिंग विभाग की शोधार्थी सुश्री दिव्या शर्मा को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई दी। यहां बता दें कि दिव्या शर्मा ने 12 से 13 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कालीकट में बुनियादी ढांचे के विकास में प्रगति विषय पर आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध प्रस्तुत किया। दिव्या शर्मा पर्यावरण में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और

# नई शिक्षा नीति में भारतीय परंपरा से अवगत कराया



प्रो. एससी जैन को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं समकुलपति प्रो. सुषमा यादव। स्रोत : हकेंवि

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में वाणिज्य एवं प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन हो गया।

विश्वविद्यालय के लघु सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। संगोष्ठी की सह-समन्वयक डॉ. दिव्या ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रो. एस.सी. जैन ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं को समाहित किया गया है। संगोष्ठी के समापन सत्र में महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## अपशिष्ट प्रबंधन में युवा निभाएं सक्रिय भागीदारी

**महेंद्रगढ।** वर्तमान समय में अपशिष्ट प्रबंधन बड़ी समस्याओं में से एक है। अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान सही तरीके से न होने के कारण एक तरफ तो भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती जा रही हैं। ऐसे में जरूरत है कि हमारे युवा आगे आकर अपशिष्ट प्रबंधन में अपनी सकारात्मक भागीदारी कर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में दीर्घकालीन जीवन शैली के लिए अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया।

# हकेवि की शोधार्थी को मिला सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की शोधार्थी सुश्री दिव्या शर्मा को उनका शोध कार्य की प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। सामान्य शक्ति वाले एक-भाग जियोपॉलिमर कंक्रीट के लिए डिजाइन मिश्रण पद्धति का विकास शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कालीकट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शोधार्थी दिव्या शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की शोधार्थी को कंक्रीट टेक्नोलॉजी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार मिलना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कुलपति ने स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह व सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों की भी उनके प्रयासों के लिए सराहना की। फूल सिंह ने भी सिविल इंजीनियरिंग विभाग की शोधार्थी सुश्री दिव्या शर्मा को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई दी। यहां बता दें कि सुश्री दिव्या शर्मा ने 12 से 13 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कालीकट में बुनियादी ढांचे के विकास में प्रगति विषय पर आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध प्रस्तुत किया।

# Two-day national seminar focusing on IKS started at CUH

**Dipesh Kumar**
info@impressivetimes.com



**MAHENDRAGARH :** A two-day national conference focused on the Indian Knowledge System in Commerce and Management began on Thursday at Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh. The inaugural session of this seminar, organized in collaboration with the Indian Council of Social Science Research (ICSSR), was addressed as the chief guest by Professor Prafulla Y Agnihotri, Director, Indian Institute of Management Sirmaur, Himachal Pradesh. Whereas as special guests, Prof. R.K. Mittal, Vice Chancellor, Chaudhary Bansi Lal University (CBLU) and Prof. R.K. Anayat, former Vice Chancellor, Deenbandhu Chhotu Ram University of Science and Technology graced the program. Professor Pawan Sharma, Chaudhary Charan Singh University, Meerut was present as the keynote speaker in the inaugural session, while the inaugural session was presided over by the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar and on this occasion the Pro-Vice Chancellor, Prof. Sushma Yadav, the first lady of the University, Prof. Sunita Srivastava were also present. Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, in his presidential address, expressed his gratitude to all the guests participating in the event. In his address, he said that the role of youth is very important in building a developed India. The youth can move forward in this direction only when they understand our ancient knowledge traditions. The Vice Chancellor said that now the time has come for Indians to know their true history and move forward by understanding it. Chief guest Prof. Prafulla Y Agnihotri threw light on the Indian knowledge tradition in detail.

# हकेवि के विद्यार्थियों ने राइस फोर्टिफिकेशन का लिया प्रशिक्षण

## निफ्टेम कुंडली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में की प्रतिभागिता

महेंद्रगढ़, 8 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने निफ्टेम, कुंडली, हरियाणा में 'राइस फोर्टिफिकेशन' पर एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।

यह प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेंट, सोनीपत, हरियाणा में राइस फोर्टिफिकेशन के लिए इनोवेशन हब के सहयोग से फोर्टिफिकेशन इनोवेशन हब- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फूड फोर्टिफिकेशन (एफआईएच-सीईएफएफ) द्वारा आयोजित किया गया था। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए ऐसी गतिविधियों के आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने राइस फोर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए निफ्टेम को भी बधाई दी। कुलपति ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में मददगार हैं और इससे कौशल विकास के साथ-साथ स्टार्ट-अप शुरु करने के प्रयासों को बल मिलता है।

पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनिता कुमारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की और नवीनतम खाद्य प्रसंस्करण और फोर्टिफिकेशन तकनीक के बारे में जाना।

विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान और पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी विभागीय स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों की सराहना की।

नवोदय टाइम्स Fri, 09 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74528

# हकेंवि में राइस फोर्टिफिकेशन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने निफ्टेम, कुंडली, हरियाणा में राइस फोर्टिफिकेशन पर एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। यह प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेंट, सोनीपत, हरियाणा में राइस फोर्टिफिकेशन के लिए इनोवेशन हब के सहयोग से फोर्टिफिकेशन इनोवेशन हब-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फूड फोर्टिफिकेशन (एफआईएच-सीईएफएफ) द्वारा आयोजित किया गया था। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए ऐसी गतिविधियों के आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। राइस फोर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए निफ्टेम को भी बधाई दी। कुलपति ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में मददगार है। आचार्य डॉ. अनिता कुमारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की और नवीनतम खाद्य प्रसंस्करण और फोर्टिफिकेशन तकनीक के बारे में जाना।

## सुंदरह में दो दिवसीय फील्ड एक्सपो आज से

**नारनौल।** एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुंदरह में नौ व 10 फरवरी को दो दिवसीय तृतीय फील्ड एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अटेली विधायक सीताराम यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला बागवानी अधिकारी डा. प्रेम यादव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य किसानों को नवीनतम बागवानी तकनीक से अवगत करवाकर बागवानी खेती के प्रति रूझान पैदा करना एवं प्रोत्साहित करना है। इस दो दिवसीय फील्ड एक्सपो में 500 किसान प्रतिदिन के हिसाब से कुल 1000 किसान भाग लेंगे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 400 विद्यार्थी भाग लेंगे।

# विद्यार्थियों ने राइस फोर्टिफिकेशन का लिया प्रशिक्षण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पोषण जीवविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने निफ्टेम, कुंडली हरियाणा में राइस फोर्टिफिकेशन पर एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। यह प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फूड टेक्नोलाजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेंट, सोनीपत हरियाणा में राइस फोर्टिफिकेशन के लिए इनोवेशन हब के सहयोग से फोर्टिफिकेशन इनोवेशन हब सेंटर आफ एक्सीलेंस फूड फोर्टिफिकेशन (एफआईएच-सीईएफएफ) द्वारा आयोजित किया गया था। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए ऐसी गतिविधियों के आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने राइस फोर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए निफ्टेम को भी बधाई दी। कुलपति ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में मददगार हैं और इससे कौशल विकास के साथ-साथ स्टार्ट-अप शुरु करने के प्रयासों को बल मिलता है।



निफ्टेम में राइस फोर्टिफिकेशन का प्रशिक्षण लेते हकेंवि के विद्यार्थी ● जागरण

पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डा. अनिता कुमारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की और नवीनतम खाद्य प्रसंस्करण और फोर्टिफिकेशन तकनीक के बारे में जाना। विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान और पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी विभागीय स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों की सराहना की।

# जीवन मूल्यों के विकास में एनएसएस का योगदान है अहम : प्रो. टंकेश्वर

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सात दिवसीय शिविर को स्वयंसेवकों के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुंचेगा। कुलपति ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत एनएसस व उसके द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें व्याख्यान सत्रों, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रमुख रहे। आयोजन में प्रतिभागी स्वयंसेवकों को विशेषज्ञों द्वारा शिक्षित, प्रशिक्षित व प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, एनएसएस अधिकारी डा. नीलम, डा. मुकेश उपाध्याय एवं डा. युधवीर जैलदार आदि उपस्थित रहे।



शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो . टंकेश्वर कुमार • जागरण

# जीवन मूल्यों के विकास में महत्त्वपूर्ण है एनएसएस का योगदान : प्रो. टंकेश्वर

## हकेवि में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़



हकेंवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने सात दिवसीय शिविर को स्वयंसेवकों के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुंचेगा। कुलपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत एनएसएस व उसके द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। अवश्य ही इस आयोजन से भी विद्यार्थियों ने बहुत कुछ प्रायोगिक रूप से सीखा होगा।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें व्याख्यान सत्रों, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रमुख रहे। आयोजन में प्रतिभागी स्वयंसेवकों को विशेषज्ञों द्वारा शिक्षित, प्रशिक्षित व प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर जैलदार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# जीवन मूल्यों के विकास में महत्त्वपूर्ण है एनएसएस का योगदान

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुल. पति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने सात दिवसीय शिविर को स्वयंसेवको के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुँचेगा। कुलपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत एनएसस व उसके द्व ारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। अवश्य ही इस आयोजन से भी विद्यार्थियों ने बहुत कुछ प्रायोगिक रूप से सीखा होगा।

विश्वविद्यालय की एन एसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि



विश्वविद्यालय में सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें व्याख्यान सत्रों, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम, योगा एवं मेडिटेशन व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रमुख रहे। आयोजन में प्रतिभागी स्वयंसेवको को विशेषज्ञों द्वारा शिक्षित, प्रशिक्षित व प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर जैलदार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटी हकेवि की छात्रा काजल का किया सम्मान

महेंद्रगढ़, 6 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयं सेवक काजल का 26 जनवरी 2024 के अवसर पर कर्त्तव्य पथ, नई दिल्ली में हिस्सा लेकर विश्वविद्यालय लौटने पर स्वागत किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्रा काजल का गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि काजल ने 1 से 31 जनवरी 2024 तक गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभागिता की।

शिविर के दौरान काजल ने माननीया राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही राजघाट, लोटस टेम्पल, कुतुबमीनार व लाल किला आदि एतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी।

काजल के विश्वविद्यालय पहुँचने पर काजल के पिता सत्यवीर सिंह, माता सुमन देवी सहित अन्य परिजनों व विश्वविद्यालय हकेवि के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप, डॉ. रेणु, प्रो. दिनेश चहल व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आनंद शर्मा ने काजल की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।



*छात्रा काजल*

नवोदय टाइम्स Wed, 07 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74517699



# विद्यार्थियों ने बॉयोमास प्लांट का किया भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने गांव कुराहवटा में नवीकरणीय ऊर्जा के बायोमास पावर प्लांट का भ्रमण किया। सेंटर फार मीडिया स्टडीज की निदेशक अन्नू आनंद ने कहा कि सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्बन उत्सर्जन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताना है जो कि व्यवहारिक प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने मीडिया विद्यार्थियों को सतत ऊर्जा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लेख लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने बायोमास प्लांट का किया भ्रमण



बायोमास प्लांट के भ्रमण के दौरान उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने ग्राम कुराहवटा में नवीकरणीय ऊर्जा के बायोमास पावर प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बायोमास से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को जाना व समझा। सेंटर फार मीडिया स्टडीज की निदेशक अन्नू आनंद ने कहा कि सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्बन उत्सर्जन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताना है जो कि व्यवहारिक प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि नवीनतम ऊर्जा स्रोत से न केवल बिजली की मांग को पूरा किया जा रहा है बल्कि कृषि अवशेषों का भी सही तरीके से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने भ्रमण के दौरान मीडिया विद्यार्थियों को सतत ऊर्जा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लेख लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण वर्तमान समय का सबसे गंभीर विषय है। पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आमजन को इस विषय पर जागरूक करने में मीडिया से जुड़े लोगों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार एवं पर्यावरण विभाग ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि कार्बन का कम से कम उत्सर्जन हो इसके लिए आज दुनिया भर में प्रयास किए जा रहे हैं। भारत भी इस दिशा में दुनिया के अन्य देशों से कुछ आगे बढ़ कर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भावी पत्रकार इस विषय की गंभीरता को समझें इसलिए सेंटर फार मीडिया स्टडी के सहयोग से इस भ्रमण का आयोजन किया गया है।

पर्यावरण अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मोना शर्मा ने कहा कुराहवटा में बायोमास पावर प्लांट में विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा हमारे द्वारा सिखाई जाने वाली पर्यावरणीय अवधारणाओं का व्यावहारिक अनुप्रयोग है। भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि हरियाणा के पहले बायोमास पावर प्लांट की यात्रा शैक्षिक और प्रेरणादायक दोनों थी। स्थायी ऊर्जा स्रोतों का प्रत्यक्ष अनुभव करने से पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में हमारी समझ गहरी हो गई है। इस तरह की पहल हमें इस दिशा में योगदान करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर दोनों विभागों के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटी छात्रा का किया स्वागत

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयं सेवक काजल का 26 जनवरी 2024 के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में हिस्सा लेकर विश्वविद्यालय लौटने पर स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्रा काजल का गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



छात्रा काजल •

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि काजल ने एक से 31 जनवरी तक गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभागिता की। शिविर के दौरान काजल ने माननीया राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही राजघाट, लोटस टेंपल, कुतुबमीनार व लाल किला आदि एतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। काजल के विश्वविद्यालय पहुंचने पर काजल के पिता सत्यवीर सिंह, माता सुमन देवी सहित अन्य स्वजनों व विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. रेणु, प्रो. दिनेश चहल व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. आनंद शर्मा ने काजल की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

# कुलपति टंकेश्वर ने किया पुस्तक का विमोचन

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के शोधार्थी कौशिक दास मालाकार, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डा. मनीष कुमार; दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष आनंद तथा इग्नू, नई दिल्ली की डा. ग्लोरिया कुजूर द्वारा लिखित पुस्तक का मंगलवार को विमोचन किया।

जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक परिवर्तनः भेद्यता और स्थिरता नामक पुस्तक का प्रकाशन स्प्रिंगर नेचर, सिंगापुर द्वारा किया गया है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक नीति नियोजन और प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर योजनाकारों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिक पेशेवरों और विद्यार्थियों के बीच जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक स्थिरता के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ावा देने में अवश्य ही मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सभी लेखकों को बधाई दी। उन्होंने पुस्तक के महत्वपूर्ण पहलुओं, विशेष रूप से जलवायु संकट के युग में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया।

# हकेवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन




**सिटी 24न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के शोधार्थी कौशिक दास मालाकार, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. मनीष कुमार; दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष आनंद तथा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली की डॉ. ग्लोरिया कुजूर द्वारा लिखित पुस्तक का मंगलवार को विमोचन किया। 'जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक परिवर्तन: भेद्यता और स्थिरता' नामक पुस्तक का प्रकाशन सिं्प्रगर नेचर, सिंगापुर द्वारा किया गया है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने लेखकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक नीति नियोजन और प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर योजनाकारों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिक पेशेवरों और विद्यार्थियों के बीच जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक स्थिरता के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ावा देने में अवश्य ही मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सभी लेखकों को बधाई दी। उन्होंने पुस्तक के महत्वपूर्ण पहलुओं, विशेष रूप से जलवायु संकट के युग में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया। पुस्तक के लेखक डॉ. मनीष कुमार ने पुस्तक की पहली प्रति कुलपति को भेंट की और पुस्तक में निहित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. मनीष कुमार ने सामाजिक-पारिस्थितिक प्रणाली पर जलवायु संकट के प्रभाव के दायरे में समझ और अवसरों पर जोर देते हुए पुस्तक के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली छात्रा काजल का सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेवक काजल का 26 जनवरी 2024 के अवसर पर कर्त्तव्य पथ, नई दिल्ली में हिस्सा लेकर विश्वविद्यालय लौटने पर स्वागत किया गया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्रा काजल का गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि काजल ने एक से 31 जनवरी 2024 तक गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभागिता की। शिविर के दौरान काजल ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

वहीं राजघाट, लोटस टेंपल, कुतुबमीनार व लाल किला आदि ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। काजल के विश्वविद्यालय पहुंचने पर काजल के पिता सत्यवीर सिंह, माता सुमन देवी सहित अन्य परिजनों व विश्वविद्यालय हकेंवि के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप, डॉ. रेणु, प्रो. दिनेश चहल व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आनंद शर्मा ने काजल की उपलब्धि पर सराहना की।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा है काजल




**एनएसएस इकाई की स्वयं सेवक काजल।** स्रोत : विवि

# हकेंवि के छात्रों ने किया बॉयोमास प्लांट का भ्रमण



प्लांट के भ्रमण के दौरान उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। स्रोत : विवि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने गांव कुराहवटा में नवीकरणीय ऊर्जा के बायोमास पावर प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बायोमास से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को जाना-समझा।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की निदेशक अन्नू आनंद ने कहा कि सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्बन उत्सर्जन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताना है जो कि व्यावहारिक प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि नवीनतम उर्जा स्रोत से न केवल बिजली की मांग को पूरा किया जा रहा है बल्कि कृषि अवशेषों का भी सही तरीके से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने भ्रमण के दौरान मीडिया विद्यार्थियों को सतत ऊर्जा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लेख लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण वर्तमान समय का सबसे गंभीर विषय है। पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आमजन को इस विषय पर जागरूक करने में मीडिया से जुड़े लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार एवं पर्यावरण विभाग ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है।



पुस्तक का विमोचन करते वीसी। स्रोत : विवि

# कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के शोधार्थी कौशिक दास मालाकार, भूगोल विभाग हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. मनीष कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष आनंद व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू नई दिल्ली की डॉ. ग्लोरिया कुजूर द्वारा लिखित पुस्तक का मंगलवार को विमोचन किया।

जलवायु, सामाजिक-पारिस्थितिक परिवर्तन भेद्यता और स्थिरता नामक पुस्तक का प्रकाशन सिंप्रगर नेचर, सिंगापुर द्वारा किया गया है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक नीति नियोजन और प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर योजनाकारों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिक पेशेवरों और विद्यार्थियों के बीच जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक स्थिरता के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने लेखकों की सराहना की। संवाद

### स्वयंसेवकों से पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया

# युवाओं में निहित है समाज को बदलने की क्षमता

- प्रो. सुषमा यादव ने स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए व्यक्ति निर्माण में एनएसएस की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। मुख्य वक्ता डॉ. प्रवेश कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्रो. सुषमा यादव।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के पांचवें दिन आयोजित व्याख्यान सत्र में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय डॉ. प्रवेश कुमार व दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. मुकेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता हकेंवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने की। प्रो. सुषमा यादव ने स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए व्यक्ति निर्माण में एनएसएस की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का भी आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इन तीनों कार्यों को भली प्रकार से करते हैं। औषध विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. मनीषा पांडे ने दवा व औषधि प्रयोग के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। व्याख्यान सत्र में मुख्यवक्ता डॉ. प्रवेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद और पं. दीन दयाल उपाध्याय पर कहा कि आज का युवा ही आज का नागरिक है। अगर युवा शब्द को उल्टा करे तो वायु बनता है और जिस प्रकार वायु की शक्ति सब बदलने की क्षमता रखती हैं, वैसे ही युवा समाज को बदलने की क्षमता रखता है। उन्होंने युवाओं को सत्य पथ व ज्ञान के पथ पर सद्भावना से चलने को कहा।

#### मेकिंग प्रतियोगिता हुई अयोजित

डॉ. मुकेश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य व योग के बारे में अवगत कराते हुए युवाओं को अपनी सेहत, अपनी खुशी व अपनी सफलता के लिए सक्रिय रूप से अपनी जीवन शैली पर ध्यान देना चाहिए। शिविर के पांचवें दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश चहल ने प्रतिभागी स्वयंसेवकों को संवेदनशीलता, जागरूकता प्रेरणा, प्रतिभा एवं जिम्मेदारी भाव से अवगत कराया। उन्होंने सभी युवाओं को स्वास्थ्य, योगा व सामूहिक कार्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर उपस्थित रहे।

# 'आदर्श व्यक्ति बनाने में एनएसएस की भूमिका महत्त्वपूर्ण'

**संवाद सहयोगी, महेंदगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के पांचवें दिन आयोजित व्याख्यान सत्र में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के डा. प्रवेश कुमार व दिल्ली विश्वविद्यालय के डा. मुकेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने की। प्रो. यादव ने स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए व्यक्ति निर्माण में एनएसएस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की भी अपील की। प्रो. यादव ने कहा कि हमें अपने ज्ञान पर गर्व होना चाहिए घमंड नहीं। उन्होंने कहा कि सेवा से संस्कार की संस्थापना होती है। संस्कार से



हरियाणा केंद्रीय विश्व विद्यालय में स्वयंसेवकों को संबोधित करतीं प्रो. सुषमा यादव ● जागरण

राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इन तीनों कार्यों को भली प्रकार से करते हैं। समरस समाज की स्थापना स्वयंसेवकों के कार्य में निहित होनी चाहिए। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित शिविर के पांचवे दिन के पहले व्याख्यान सत्र में हकेंवि के औषध विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डा. मनीषा पांडे ने दवा व औषधि प्रयोग के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया।

व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डा. प्रवेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद और पं. दीन दयाल उपाध्याय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि आज का युवा ही आज का नागरिक है। अगर युवा शब्द को उल्टा करे तो वायु बनता है और जिस प्रकार वायु की शक्ति सब बदलने की क्षमता रखती हैं, वैसे ही युवा समाज को बदलने की क्षमता रखता है। उन्होंने युवाओं को सत्य पथ व ज्ञान के पथ पर सद्भावना से चलने को कहा। शिविर के पांचवें दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया। शिविर के तीसरे दिन व्याख्यान सत्र के साथ संगीत व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान सत्र में हकेंवि के प्रो. दिनेश चहल ने प्रतिभागी स्वयंसेवकों को संवेदनशीलता, जागरूकता प्रेरणा, प्रतिभा एवं जिम्मेदारी भाव से अवगत कराया।

# युवाओं में है समाज बदलने की क्षमता : डॉ. प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के पांचवें दिन व्याख्यान सत्र में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के डॉ. प्रवेश कुमार व दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. मुकेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



डॉ. प्रवेश कुमार। स्रोत : संस्थान

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने की। प्रो. सुषमा यादव ने व्यक्ति निर्माण में एनएसएस की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का भी आह्वान किया।

प्रो. यादव ने कहा कि हमें अपने ज्ञान पर गर्व होना चाहिए, घमंड नहीं। उन्होंने कहा कि सेवा से संस्कार की संस्थापना होती है। संस्कार से राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होता है। औषध विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. मनीषा पांडे ने दवा व औषधि प्रयोग के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रवेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद और पं. दीन दयाल उपाध्याय पर कहा कि आज का युवा ही आज का नागरिक है, अगर युवा शब्द को उल्टा करे तो वायु बनता है और जिस प्रकार वायु की शक्ति सब बदलने की क्षमता रखती हैं, वैसे ही युवा समाज को बदलने की क्षमता रखता है। पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. युधवीर ने प्रस्तुत किया।

**गर्व की अनुभूति** • सेना के प्रति सम्मान बढ़ाने और उनके योगदान को सराहने का प्रयास

# हकेंवि में वायु सेना का मिग-21 फाइटर प्लेन स्थापित, विश्वविद्यालय प्रशासन करेगा देखरेख

**मंडे पॉजिटिव**

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में भारतीय वायुसेना के सहयोग से मिग-21 फाइटर प्लेन स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर स्थित उद्यान में स्थापित इस प्लेन के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में आने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व स्थानीय ग्रामीणों में सेना के प्रति सम्मान बढ़ाने और उनके योगदान को सराहने का प्रयास किया गया है।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली युवा पीढ़ी के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके चारित्रिक निर्माण का कार्य भी किया जाता है। इस दिशा में विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित मिग-21 फाइटर प्लेन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुलपति ने कहा कि भारतीय सेना के समर्पण, त्याग व बलिदान को सराहने और उस पर गर्व करने की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा यह एक प्रयास है। अवश्य ही इसके माध्यम से न सिर्फ हमारे विद्यार्थी बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में आने वाले सहभागी प्रोत्साहित होंगे।

विश्वविद्यालय को यह प्लेन भारतीय वायु सेना की ओर से प्राप्त हुआ है। जो कि अब विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित कर दिया गया है। अब इसकी देखरेख विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि कैम्पस में स्थापित इसके रखरखाव की जिम्मेदारी का निर्वहन विश्वविद्यालय द्वारा ही किया जा रहा है और इस कार्य की स्थापना से जुड़े विश्वविद्यालय के अनुभाग अधिकारी व पूर्व सैनिक राजेश जांगड़ा की ओर से प्राप्त विशेष सहयोग सराहनीय है।

# 'विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण'

## ■ हकेवि में गांधियन अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार का व्याख्यान

महेंद्रगढ़, 3 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधियन अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण व विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता ने युवा और विकसित भारत का दृष्टिकोण एट 2047 पर विस्तृत विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। युवाओं की सफल भागीदारी एवं नए-नए विचारों ने राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोच्च दिया है तथा अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मूल-मंत्र विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के द्वारा राष्ट्र को प्रगति के पद पर अग्रसर कर रहे हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भारत का आदित्य एल-1 मिशन, चंद्रयान-3, शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है। कार्यक्रम में मंच का संचालन अतिथि शिक्षक किरण ने किया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव कुमार सिंह ने अतिथि वक्ता को अपने उत्कृष्ट एवं अमूल्य विचारों से प्रतिभागियों को लाभान्वित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस व्याख्यान में करीब 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



*विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राजेश कुमार शर्मा को सम्मानित करते विभागीय शिक्षक।*

नवोदय टाइम्स Sun, 04 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/744994

# राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अहम

- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधियन अध्ययन केंद्र निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण व विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता ने युवा और विकसित भारत का दृष्टिकोण एट 2047 पर विस्तृत विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। युवाओं की सफल भागीदारी एवं नए-नए विचारों ने राष्ट्र के निर्माण में सर्वोच्च दिया है।



**महेंद्रगढ़।** विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राजेश कुमार शर्मा को सम्मानित करते विभागीय शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

# 'राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण'



विशेषज्ञ वक्ता डा. राजेश कुमार शर्मा को सम्मानित करते विभागीय शिक्षक • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधियन अध्ययन केंद्र के निदेशक डा. राजेश कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण व विशेषज्ञ वक्ता का

करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। युवाओं की सफल भागीदारी एवं नए-नए विचारों ने राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोच्च दिया है तथा अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मूल-मंत्र विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के द्वारा राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भारत का आदित्य एल-1 मिशन, चंद्रयान-3, शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है। कार्यक्रम में मंच

# 'राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण'



महेंद्रगढ़ | हकेंवि महेंद्रगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन हुआ। व्याख्यान में राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधियन अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण व विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ वक्ता ने युवा और विकसित भारत का दृष्टिकोण एट 2047 पर विस्तृत विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। युवाओं की सफल भागीदारी एवं नए-नए विचारों ने राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोच्च दिया है। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मूल-मंत्र विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत द्वारा राष्ट्र को प्रगति के पद पर अग्रसर कर रहे हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भारत का आदित्य एल-1 मिशन, चंद्रयान-3, शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है। कार्यक्रम में मंच का संचालन अतिथि शिक्षक किरण ने किया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव कुमार सिंह ने अतिथि वक्ता को अपने उत्कृष्ट एवं अमूल्य विचारों से प्रतिभागियों को लाभान्वित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस व्याख्यान में करीब 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

# राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण



विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राजेश कुमार शर्मा को सम्मानित करते विभागीय शिक्षक। स्रोत : विवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में राजस्थान विश्वविद्यालय के गांधियन अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ वक्ता ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं की सफल भागीदारी एवं नए-नए विचारों ने राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोच्च दिया है। अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मूलमंत्र विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के द्वारा राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भारत का आदित्य एल-1 मिशन, चंद्रयान-3, शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है।

कार्यक्रम में मंच का संचालन अतिथि शिक्षक किरण ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव कुमार सिंह ने अतिथि वक्ता को अपने उत्कृष्ट एवं अमूल्य विचारों से प्रतिभागियों को लाभान्वित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस व्याख्यान में करीब 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

# युवा संगम के लिए हकेवि के नेतृत्व में राज्य के युवा जाएंगे पश्चिम बंगाल

महेंद्रगढ़, 2 फरवरी (ब्यूरो): भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत सेल के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर युवा संगम फेज चार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए देश के सभी प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थाओं में से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का चयन हरियाणा राज्य लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य के साथ पश्चिम बंगाल राज्य को सहभागी राज्य के रूप में चयनित किया गया है। इसके तहत हरियाणा राज्य के युवाओं और पश्चिम बंगाल के युवाओं को एक-दूसरे की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा। इस एक्सपोजर टूर के माध्यम से युवा पर्यटन ,परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क की पांच पी के व्यापक क्षेत्र का प्रत्यक्ष रूप से अनुभव प्राप्त होगा। युवाओं का चयन एक उच्च स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा इसमें छात्र-छात्राओं, सभी वर्गों, समुदायों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि युवा संगम फेस चार में हरियाणा राज्य के युवा फरवरी-मार्च 2024 के मध्य पश्चिम बंगाल का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के 45 से 50 युवा छात्र-छात्राओं का चयन कर बहुआयामी एक्स्पोज़र यात्रा में हिस्सा लेने का अवसर प्रदान होगा। युवा संगम पोर्टल https://ebsb.aicte-india.org/ पर पंजीकरण करा युवा इस आयोजन में भागीदारी कर सकते हैं।

Sat, 03 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74489(

# हकेवि में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन व्याख्यान सत्र का हुआ आयोजन



विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रो. आनंद शर्मा।

महेंद्रगढ़, 2 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन शिविर में व्याख्यान सत्र व कविता प्रतियोगी का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने प्रतिभागियों के उत्साह व एनएसएस स्वयं सेवकों में सामाजिक समर्पण की भावना की प्रंशसा भी की। व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ता पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक आचार्य डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने कार्यकर्ता, कार्यपद्धति, कार्यक्षेत्र व कार्ययोजना से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। उन्होंने युवाओं को चित्र, मित्र, चरित्र व चित्त के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। दूसरे व्याख्यान सत्र में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने एनएसएस प्रतिभागियों को कर्मयोगी युवा, भारत का राष्ट्रीय पोर्टल, के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। डॉ. आनंद शर्मा ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इसके पश्चात कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी स्वयंसेवकों ने देश भक्ति व युवा में जोश भर देनी वाली कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Sat, 03 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74489002

# हकेवि में मनाया विश्व आर्द्रभूमि दिवस



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी।

महेंद्रगढ़, 2 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने शुक्रवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2024 के अवसर पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय 'वेटलैंड्स एंड ह्यूमन वेलबीइंग' रहा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आर्द्रभूमि को संरक्षित करने और युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताया।

विभाग की प्रमुख डॉ. मोना शर्मा ने बताया कि आर्द्रभूमि दुनिया में सबसे अधिक उत्पादक और जैविक रूप से विविध पारिस्थितिक तंत्रों में से एक है और वे मानव और प्रकृति के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। डॉ. मोना ने बताया कि विद्यार्थियों ने पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन को बनाए रखने में आर्द्रभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायत्री, पुनीता व साक्षी प्रतियोगिता की विजेता रहीं।पीएच.डी. व विभागीय विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का समन्वयन पीएच.डी. शोधार्थी गौरव व अभिनंदन तथा एम.एससी. के विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. स्मिता, डॉ. अनूप यादव और डॉ. भूपेन्द्र सिंह निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप् में उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Sat, 03 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74489027

# युवा संगम के लिए युवा जाएंगे पश्चिम बंगाल

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा मंत्रालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत सेल द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर युवा संगम फेज चार का आयोजन होगा। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य के साथ पश्चिम बंगाल राज्य को सहभागी राज्य के रूप में चयनित किया गया है। इसके तहत हरियाणा और पश्चिम बंगाल के युवाओं को एक-दूसरे की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा।

# राष्ट्र निर्माण में एनसीसी के योगदान पर सेमिनार आयोजित

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की 16वीं हरियाणा बटालियन द्वारा राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में राजस्थान विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर राजेश कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डा. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण व मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मेजर राजेश कुमार शर्मा ने राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय कैडेट कोर की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी केडेट राष्ट्र के निर्माण में एक रीढ़ की

# पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी में आर्द्रभूमि की महत्त्वपूर्ण भूमिका : प्रो भोना

महेंद्रगढ़ | हकेंवि के पर्यावरण अध्ययन विभाग में शुक्रवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस-2024 के अवसर पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका विषय 'वेटलैंड्स एंड ह्यूमन वेलबीइंग' रहा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आर्द्रभूमि को संरक्षित करने और युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताया। विभाग की प्रमुख डॉ. मोना शर्मा ने बताया कि आर्द्रभूमि दुनिया में सबसे अधिक

# केंद्रीय विवि .व भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

महेंद्रगढ़, 1 फरवरी (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ (हकेवि), महेंद्रगढ़ और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान नई दिल्ली ने सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे आपसी साझेदारी का उद्देश्य वाणिज्य एवं लेखांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा आईसीएआई की ओर से डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थाओं में सहयोग बढ़ाने में मददगार साबित होगा समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन, कौशल विकास, अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में पारस्परिक सहयोग से दोनों संस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगा। इस संदर्भ में आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि विवि. के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य वाणिज्य के नवीन पाठ्यक्रम के संचालन एवं पाठ्यक्रम निर्माण में वाणिज्य एवं लेखांकन शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विवि. की ओर से प्रो. रंजन अनेजा, अधिष्ठाता बिजनेस एंड मैनेजमेंट; डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग तथा आईसीएआई की ओर से आईसीएआई के सचिव जयकुमार बत्रा, बोर्ड ऑफ स्टडीस के अध्यक्ष सीए विशाल दोषी, उपाध्यक्ष, सीए दयानिवास शर्मा, सीए ज्योति बत्रा उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Fri, 02 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/744

# दो दिवसीय व्याख्यानमाला का समापन

महेंद्रगढ़, 1 फरवरी (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग द्वारा कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव के संरक्षण में अनुवाद की महत्ता और भविष्य में अनुवाद की संभावनाओं को प्रतिपादित करने हेतु दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के पहले दिन ज्ञान अनुशासन के रूप अनुवाद की वर्तमान स्थिति और भविष्य तथा दूसरे दिन अनुवाद पारिस्थितिकी भारतीय परिदृश्य विषय पर प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ला ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। हिंदी विभाग के विभागध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने पहले दिन स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और विषय की ओर ध्यान आकर्षित किया जबकि दूसरे दिन स्वागत भाषण सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने दिया। आयोजन के दूसरे दिन प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ला ने अनुवाद को एक स्वायत्त एवं स्वतंत्र विद्याशाखा के रूप में प्रतिस्थापित करते हुए उन परिदृश्यों और परिस्थितियों की चर्चा की जिनमें अनुवाद पल्लवित-पुष्पित हुआ। उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुवाद की व्याप्ति स्वीकारते हुए उसकी उपयोगिता सिद्ध की। उन्होंने मशीनी अनुवाद को उन्होंने अनुवाद के लिए चुनौती माना। भारत में अनुवाद की पारिस्थितिकी को सुधारने के लिए उन्होंने दक्षता विकास, बहुभाषा ज्ञान, कंप्यूटर ऐप्लीकेशन्स का ज्ञान एवं प्रोग्राम भाषा के ज्ञान को आवश्यक माना साथ ही पाठ्यक्रम के रूप इन्हें शामिल करने का सुझाव भी दिया।

विशेषज्ञ वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय अनुवादकों और भाषाविदों का है। संवाद की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रश्नों के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी और उच्च शिक्षा के रूप में नेट की परीक्षा और अनुवाद से उत्पन्न होने वाले रोज़गार की बात पर भी गहन चर्चा हुई, अनुवाद के कारण क्या मूल पाठ में हास हो सकता है ? इस बात को भी स्पष्ट किया तथा आरंभिक स्तर पर किस प्रकार से अनुवाद की समझ बन सके तथा अनुवाद हेतु पुस्तकों के बारे में जानने की अभिरुचि भी विद्यार्थियों ने रखी। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने व्याख्यान की उपयोगिता स्पष्ट की एवं औपचारिक समापन और धन्यवाद ज्ञापन हेतु विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रीना स्वामी को आमंत्रित किया।

नवोदय टाइम्स Fri, 02 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74



महेंद्रगढ़। समझौता ज्ञापन हस्तांतरित करते हुए विश्वविद्यालय व आईसीएआई के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के साथ एमओयू

## शैक्षणिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान नई दिल्ली ने सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे आपसी साझेदारी का उद्देश्य वाणिज्य एवं लेखांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा आईसीएआई की ओर से डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थाओं के बीच में सहयोग बढ़ाने में मददगार साबित होगा। समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, पारस्परिक सहयोग से दोनों संस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान देश का प्रमुख प्रोफेशनल संस्थान है, जो वाणिज्य और लेखांकन के क्षेत्र में पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट है। दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के संदर्भ में आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य वाणिज्य के नवीन पाठ्यक्रम के संचालन एवं पाठ्यक्रम निर्माण में वाणिज्य एवं लेखांकन शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. रंजन अनेजा, अधिष्ठाता बिजनेस एंड मैनेजमेंट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग तथा आईसीएआई की ओर से आईसीएआई के सचिव डॉ. जय

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ (हकेवि), महेंद्रगढ़ और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान नई दिल्ली ने सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैंस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे आपसी साझेदारी का उद्देश्य वाणिज्य एवं लेखांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा आईसीएआई की ओर से डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थाओं के बीच में सहयोग बढ़ाने में मददगार साबित होगा समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण

अकाउंटेंट संस्थान देश का प्रमुख प्रोफेशनल संस्थान है, जो वाणिज्य और लेखांकन के क्षेत्र में पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट है। दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के संदर्भ में आईसीएआई के अध्यक्ष श्री अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि हरियाणा केंद्र विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य वाणिज्य के नवीन पाठ्यक्रम के संचालन एवं पाठ्यक्रम निर्माण में वाणिज्य एवं लेखांकन शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. रंजन अनेजा, अधिष्ठाता बिजनेस एंड मैनेजमेंट; डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य

# हकेवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि

**-आवेदक अब 7 फरवरी तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**



**रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 26 दिसंबर, 2023 से आरंभ हुई दाखिले हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2024 के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर अब 7 फरवरी, 2024 कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब 7 फरवरी, 2024 तक चलेगी। विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय के 8 स्कूलों के विभिन्न विभागों में 41 डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। इन

# सामाजिक समर्पण की भावना को बढ़ाने में एनएसएस की भूमिका अहम




**महेंद्रगढ़|** हकेंवि महेंद्रगढ़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर की गुरुवार को शुरुआत हुई। कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सामाजिक समर्पण की भावना को बढ़ावा देने में एनएसएस की अहम भूमिका है। स्टेट एनएसएस ऑफिसर दिनेश कुमार उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सबसे पहले एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने स्वागत भाषण दिया। कुलपति ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने प्रतिभागियों को भारत में स्वयंसेवी समृद्धि के क्षेत्र में एनएसएस के योगदान से अवगत कराया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों की विश्वविद्यालय में भूमिका के बारे में बताया।

# समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ (हकेवि), महेंद्रगढ़ और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान नई दिल्ली ने सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे आपसी साझेदारी का उद्देश्य वाणिज्य एवं लेखांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा आईसीएआई की ओर से डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थाओं के बीच में सहयोग बढ़ाने में मददगार साबित होगा समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन, कौशल विकास, अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में पारस्परिक सहयोग से दोनों संस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान देश का प्रमुख प्रोफेशनल संस्थान है, जो वाणिज्य और लेखांकन के क्षेत्र में पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट है। संवाद

# अनुवाद के वर्तमान और भविष्य को लेकर हुई चर्चा

## हकेंवि में दो दिवसीय व्याख्यानमाला का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव के संरक्षण में अनुवाद की महत्ता और भविष्य में अनुवाद की संभावनाओं को प्रतिपादित करने के लिए दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पहले दिन ज्ञान अनुशासन के रूप अनुवाद की वर्तमान स्थिति और भविष्य तथा दूसरे दिन अनुवाद पारिस्थितिकी भारतीय परिदृश्य विषय पर प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ला ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने पहले दिन स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और विषय की ओर ध्यान आकर्षित किया जबकि दूसरे दिन स्वागत भाषण सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने दिया। प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ला ने अनुवाद को एक स्वायत्त एवं स्वतंत्र विद्याशाखा के रूप में प्रतिस्थापित करते हुए उन परिदृश्यों और परिस्थितियों की चर्चा की। उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुवाद की व्याप्ति स्वीकारते हुए उसकी उपयोगिता सिद्ध की। मशीनी अनुवाद को अनुवाद के लिए चुनौती माना। भारत में अनुवाद की पारिस्थितिकी को सुधारने के लिए उन्होंने दक्षता विकास, बहुभाषा ज्ञान, कंप्यूटर एप्लीकेशंस का ज्ञान एवं प्रोग्राम भाषा के ज्ञान को आवश्यक माना।

विशेषज्ञ वक्ता ने कहा कि आने वाला समय अनुवादकों और भाषाविदों का है। विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रश्नों के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी और उच्च शिक्षा के रूप में नेट की परीक्षा और अनुवाद से उत्पन्न होने वाले रोजगार की बात पर भी गहन चर्चा हुई। अनुवाद के कारण क्या मूल पाठ में ह्रास हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने व्याख्यान की उपयोगिता स्पष्ट की एवं औपचारिक समापन और धन्यवाद ज्ञापन के लिए विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रीना स्वामी को आमंत्रित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. अमित कुमार, विभाग के सभी शोधार्थी और विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी

## विवि की ओर से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने के लिए बढ़ाई गई तिथि

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 26 दिसंबर 2023 से शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र-छात्राएं 7 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2024 के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर अब 7 फरवरी, 2024 कर दी गई है।

**31**
**जनवरी से तिथि बढ़ाकर विद्यार्थियों को दी राहत**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आवेदन हेतु बढ़ाई गई तिथि से और अधिक आवेदकों को विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने का अवसर मिल सकेगा। विश्वविद्यालय में सीयूईटी-2024 के नोडल ऑफिसर डॉ. केशव सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब 7 फरवरी तक चलेगी। विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय के 8 स्कूलों के विभिन्न विभागों में 41 डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं।

इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अब 7 फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन व इससे संबंधित विस्तृत जानकारी हकेंवि विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। स्रोत : विवि

# सामाजिक समर्पण की भावना को बढ़ाने में एनएसएस की भूमिका अहम : प्रो. टंकेश्वर कुमार

## ■ हकेवि में सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर की गुरुवार को शुरूआत हुई। सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति ने दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सामाजिक समर्पण की भावना को बढ़ावा देने में एनएसएस की अहम भूमिका हैं। स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, और सामाजिक समांतरता जैसे सामाजिक सरोकारो से आमजन को जागरूक करने में एनएसएस की सक्रिय भागीदारी रही है।

स्टेट एनएसएस ऑफिसर दिनेश कुमार उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन की शुरूआत में विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने स्वागत भाषण दिया। कुलपति ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने प्रतिभागियों को भारत में स्वयंसेवी समृद्धि की क्षेत्र में एनएसएस के योगदान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता के साथ समृद्धि का अवसर प्रदान करने का कार्य करती है और समाज सेवा के माध्यम से समृद्धि का संवर्धन करती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवको की विश्वविद्यालय में भूमिका के बारे में बताया।

उन्होंने समुदाय विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर और साक्षरता कार्यक्रम जैसी विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से योगदान किया है। एनएसएस में भागीदारी विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल, सामूहिकता, और समाज के प्रति जिम्मेदारी भाव को बढ़ावा देती है। साथ ही एनएसएस की गतिविधियां विश्वविद्यालय और स्थानीय समुदायों के बीच की दूरी को कम करती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीलम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युधवीर जैलदार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विवि.में निम्न कार्बन विकास पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

महेंद्रगढ़, 31 जनवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग ने सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज, नई दिल्ली के सहयोग से और ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से 'निम्न कॉर्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया।

हरियाणा केंद्रीय विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी जलवायु परिवर्तन शमन पर काम करके मानव जाति के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएंगे।



*दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते प्रो. सुनील कुमार*

कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव सत्र दौरान कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया। इसके बाद कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन संचार विशेषज्ञ श्री निशांत सक्सेना ने तापमान वृद्धि और वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वायुमंडलीय तापमान में प्रत्येक डिग्री वृद्धि के लिए, नमी वहन करने की क्षमता सात प्रतिशत बढ़ जाती है।

### ■ तापमान वृद्धि और वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध पर प्रकाश डाला

उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रभावी जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीकों में बहुमूल्य विचार प्रदान की। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सत्र के समापन में उनके योगदान के लिए अतिथियों, सुश्री अन्नू आनंद, सुश्री वर्निका प्रकाश, सुश्री कविता रखेजा और श्री निशांत सक्सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उन समस्याओं के बारे में भी बताया जो पत्रकारों को जलवायु परिवर्तन सहित विज्ञान विषय को व्यापक दर्शकों तक संप्रेषित करते समय सामना करना पड़ता है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कुरहावटा गांव में बायोमास गैस संयंत्र का दौरा भी किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने प्रतिभागियों को बायोमास गैस के प्रत्यक्ष उत्पादन और उपयोग और जलवायु परिवर्तन को कम करने में इसके संभावित लाभों को जानने समझने का अवसर मिला। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन सत्र में डॉ. मोना शर्मा, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा, आलेख एस.नायक, डॉ. विक्रम व डॉ. अनूप यादव सहित शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।


epaper.navodayatimes.in

नवोदय टाइम्स Thu, 01 February 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74472891

# 'निम्न कॉर्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास' पर कार्यशाला संपन्न

नारनौल, 31 जनवरी(निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग ने सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज, नयी दिल्ली के सहयोग से और ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से 'निम्न कॉर्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने तापमान वृद्धि और वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रभावी जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीकों में बहुमूल्य विचार प्रदान की। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। समापन सत्र में डॉ. मोना शर्मा, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा, आलेख एस.नायक, डॉ. विक्रम व डॉ. अनूप यादव सहित शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून

# कार्यशाला में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**संस, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग ने सेंटर फार मीडिया स्टडीज, नई दिल्ली के सहयोग से और आस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से निम्न कार्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी जलवायु परिवर्तन समन पर काम करके मानव जाति के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएंगे।



प्रो . सुनील कुमार • जागरण

- हकेंवि में निम्न कार्बन विकास पर दो दिवसीय मीडिया कार्यशाला का समापन किया गया
- कहा, विद्यार्थी जलवायु परिवर्तन पर काम करके मानव जाति के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएंगे

कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने इंटरेक्टिव सत्र के दौरान कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया। इसके बाद कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने तापमान वृद्धि और वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वायुमंडलीय तापमान में प्रत्येक डिग्री वृद्धि के लिए, नमी वहन करने की क्षमता सात प्रतिशत बढ़ जाती है। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रभावी जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीकों में बहुमूल्य विचार प्रदान किए। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने सत्र के समापन में उनके योगदान के लिए अतिथियों, अन्नू आनंद, वर्निका प्रकाश, कविता रखेजा और निशांत सक्सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उन समस्याओं के बारे में भी बताया जो पत्रकारों को जलवायु परिवर्तन सहित विज्ञान विषय को व्यापक दर्शकों तक संप्रेषित करते समय सामना करना पड़ता है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कुरहावटा गांव में बायोमास गैस संयंत्र का दौरा भी किया।

इस व्यावहारिक अनुभव ने प्रतिभागियों को बायोमास गैस के प्रत्यक्ष उत्पादन और उपयोग और जलवायु परिवर्तन को कम करने में इसके संभावित लाभों को जानने समझने का अवसर मिला। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन सत्र में डा. मोना शर्मा, डा. सुरेंद्र, डा. भारती बत्रा, आलेख एस नायक, डा. विक्रम व डा. अनूप यादव सहित शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# निम्न कार्बन उत्सर्जन पर कार्यशाला का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग ने सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज, नई दिल्ली व ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से निम्न कॉर्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास विषय पर कार्यशाला का समापन हो गया।



**प्रो. सुनील कुमार।** स्रोत : विवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी जलवायु परिवर्तन शमन पर काम करके मानव जाति के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। इसमें प्रतिभागियों ने इंटरेक्टिव सत्र के दौरान कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया। इसके बाद कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने तापमान वृद्धि और वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध बताया।

उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को प्रभावी जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीकों में बहुमूल्य विचार के बारे में जानकारी दी। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सत्र के समापन में उनके योगदान के लिए अतिथियों, अन्नू आनंद, वर्निका प्रकाश, कविता रखेजा और निशांत सक्सेना का सम्मान किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कुरहावटा गांव में बायोमास गैस संयंत्र का दौरा भी किया। समापन सत्र में डॉ. मोना शर्मा, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा, आलेख एस नायक, डॉ. विक्रम व डॉ. अनूप यादव आदि उपस्थित रहे। संवाद